# कार्यालय नगर परिषद,बून्दी

## विवरण

**वार्ड संख्याः–1**

लगदरिया भेरू जी से प्रारम्भ होकर कोटा बून्दी रोड़ पर बून्दी की तरफ आते हुए नगर परिषद सीमा तक आकर जयपुर कोटा रोड को क्रास कर हीरालाल जी की बावडी को शामिल कर दायी हाथ की आबादी को लेते हुए दधिमति माताजी मन्दिर को लेकर बाईपास पर पठार–पठार चलकर मोरड़ी की छतरी पर आकर वापिस घुमकर नवल सागर पार्क के पास पुलिस चोकी को शामिल करते हुए रोड़–रोड़ चलकर मंशापूर्ण गणेश जी को लेकर मेघवाल पंचायत भवन के पहले यहां रोड़ क्रास कर कुण्ड़ की गली में घुसकर बायें हाथ की आबादी को लेते हुए चन्द्र गणेश जी मन्दिर को शामिल कर वापिस मुड़कर बायें हाथ की आबादी शामिल करते हुए झूलेलाल मन्दिर एवं गुरूद्वारें को लेकर यहां से रोड़ क्रोस कर अम्बा शंकर जी के मकान को शामिल कर बांयें हाथ की आबादी को शामिल करते हुए चन्देरियों की गली में चढ़कर सुलभ शौचालय को शामिल कर वापिस पहाड़ी इलाके पर स्थित आबादी को शामिल करते हुए पठार–पठार चलकर पुराने सथूर चुंगी नाका व फोरेस्ट नाका को शामिल करते हुए वापिस लगदरियां भेरू तक का समस्त दरम्यानी भाग ।

**आयुक्त**
**नगर परिषद बून्दी**

# विवरण

**वार्ड संख्या :– 2**

मीणो के मन्दिर की सीमा समाप्त होने पर अम्बेडकर कोलोनी से प्रारम्भ होकर दाहिने हाथ की आबादी धाकड रेस्टोरेन्ट को लेकर बाईपास रोड चलकर शफी मोहम्मद की दुकानो को लेकर यहां से उन्दालियों की डूंगरी रोड पर चलकर स्वास्तिक राईस मील की तरफ दाहिने हाथ की आबादी को शामिल करते हुए शिव मन्दिर तक चलकर श्योजी गुर्जर के मकान को शामिल कर यहॉ से गली मे मुड़कर मोती सिंह राणावत पूर्व पार्षद के मकान को शामिल कर दाहिने हाथ की आबादी को लेते हुए वंशिका ब्यूटी पार्लर एण्ड ट्रेनिंग सेन्टर तक जाकर यहॉ सें रोड़ क्रॉस कर मोती नाथ के मकान पर आकर दाहिनें हाथ की तरफ आबादी को लेते हुए बालाजी के मन्दिर तक एवं यहॉ से वापिस पठार–पठार चलकर सम्पूर्ण अम्बेड़कर कॉलोनी को लेते हुए यहां से नीचे बाईपास की तरफ उतरकर मीणों के मन्दिर की दीवार के सहारे सहारे अम्बेडकर कोलोनी में चलकर वापिस गेट पर पहुचकर समस्त दरम्यानी भाग।

**आयुक्त**
**नगर परिषद बून्दी**

<u>विवरण</u>

**<u>वार्ड संख्या :-3</u>**

गणेश लाल शर्मा के मकान में चल रही सुबोध की चक्की से प्रारम्भ होकर गली मे घुसकर बायें हाथ की आबादी को शामिल करते हुए छीतर सैनी कन्हैया लाल गोस्वामी के मकान को लेते हुए विमला बाई महावर के मकानो को शामिल कर मुडकर गली मे चलकर तेजपाल महावर के मकान को लेते हुए पठार-पठार चलकर वायर लेस स्टेशन को लेकर नगरीय सीमा को लेते हुए खेत-खेत चलकर काजरी सिलोर रोड को क्रोस कर एफ.सी.आई. गोदाम के पास नगर परिषद की सीमा तक चलकर यहा से वापिस चितौड रोड घुमकर बाये हाथ की आबादी को लेते हुए बिजोलिया चुंगी नाका लेकर रोड़-रोड़ चलकर मेसी ट्रेक्टर एजेन्सी तक आकर यहाँ से मुड़कर गली में घुसकर बायें हाथ की आबादी को लेते हुए केदार गौतम व कन्हैया लाल खटीक के मकान को शामिल करते हुए कोने पर उपकार मीणा के मकान को लेकर बायें हाथ में स्थित आबादी को लेकर रोड़ क्रास कर वापिस सुबोध की चक्की तक का समस्त दरम्यानी भाग।

**आयुक्त**
**नगर परिषद बून्दी**

# विवरण

**वार्ड संख्या :–4**

बाईपास रोड़ कृषि उपज मण्ड़ी समिती के गेस्ट हाउस किसान भवन से प्रारम्भ होकर कृषि उपज मण्ड़ी समिती के कोने से मुड़कर रामा कृष्णा पब्लिक स्कूल को लेते हुए सहकारी गौदाम न0 2 को लेकर यहाँ से चित्तौड़ रोड़ क्रास कर कुरेशी फेब्रिकेशन की दुकान पर आकर दाहिने हाथ की आबादी को लेते हुए आदर्श सिनियर सेकेण्डरी स्कूल तक आकर यहाँ से सिलोर रोड़ की तरफ मुड़कर दादाबाड़ी को शामिल कर दाहिने हाथ की आबादी सिंचाई विभाग की कॉलोनी, छत्रपुरा कृषि फार्म को लेते हुए छत्रपुरा राजस्व सीमा तक जा कर वापिस रिको फेक्ट्री को लेते हुऐ खेत–खेत छत्रपुरा राजस्व सीमा पर चलते हूए तानसेन फुड प्राईवेट लिमिटेड फेक्ट्री को अन्दर लेकर वापिस रोड–रोड चलकर दाहिने हाथ की आबादी जयपुर विघुत वितरण निगम ऑफिस को लेते हुए मारूती सुजुकी पर आकर यहाँ से चितौड रोड क्रास कर श्रवण लाल वैष्णव के मकान पर आकर दाहिने हाथ की आबादी को लेते हुए किशन जी चितोडा के मकान को लेकर गली में मुडकर कल्याण शर्मा व जगदीश मीणा के मकान को शामिल कर मेन रोड पर स्थित रामदेव माहावत के मकान पर आकर यहाँ से मुड कर दाहिने हाथ की आबादी को लेकर सोमानी ट्रेडर्स तक एवं कोटा रोड़ क्रास कर चम्पालाल धाकड़ के मकान,दुकान पर आकर जयपुर रोड़ की तरफ चलकर दाहिने हाथ की आबादी को लेते हुए वापिस गेस्ट हाउस किसान भवन तक का समस्त दरम्यानी भाग।

**आयुक्त**
**नगर परिषद बून्दी**

## विवरण

**वार्ड संख्याः– 5**

विकास नगर में गर्ल्स स्कूल के पीछे की तरफ कोने पर संजय जी माथुर के मकान नम्बर 1F1 के यहा से प्रारम्भ होकर बायें हाथ की आबादी को शामिल करते हुए रोड क्रास कर पोखरा जी के मकान व खाली भुखण्ड को शामिल कर रोड क्रास कर धानमण्डी की दीवार यहा से ही क्रास कर मण्डी गेट से निकलकर धानमण्डी रोड पर आकर यहा से लंका गेट की तरफ रोड रोड चलकर सुमन बैटरी की दुकानो को शामिल कर यहां से घुमकर गली में चलकर बायें हाथ की आबादी को शामिल कर सत्यप्रकाश श्रृंगी के मकान को लेकर यहा से मुडकर बायें हाथ की आबादी को लेते हुए मोहन लाल जी पारीक के मकान–दुकान को शामिल कर यहां से रोड क्रास कर राधा किशन जी गुर्जर के मकान को लेकर धोबियों की गली के कोने पर स्थित केसरी लाल जी के मकान को लेकर यहां से गली में मुडकर रमेश जी जैन के मकान को लेकर यहां से मुडकर शकिल भाई के सामने से मुडकर यहां से इकराम भाई के मकान को शामिल कर सोहन लाल जी बाहेती के मकान को लेते हुए चोक क्रास कर लक्ष्मण दास गेलानी के मकान दुकान को शामिल कर बायें हाथ की समस्त आबादी को शामिल कर संजय माथुर के मकान 1F1 तक का समस्त दरम्यानी भाग।

**आयुक्त**
**नगर परिषद बून्दी**

## विवरण

**वार्ड संख्याः–6**

विकास नगर में स्थित गर्ल्स स्कूल के पिछवाडे पर स्थित ट्रांसफार्मर से प्रारम्भ होकर दिवार दिवार के सहारे चलकर दाहिने हाथ की तरफ शोपिंग सेन्टर को शामिल कर यहां से रोड क्रास कर डा0 नुवाल वाली गली में आकर रोड रोड चलकर दाहिने हाथ की आबादी को शामिल करते हुए हुकमचन्द जैन के मकान पर आकर कृषि उपज मण्डी परिसर के अन्दर घुसकर यहां से वापिस मुडकर दाहिने हाथ की तरफ लोकश धगाल के मकान को लेकर यहां से बाईपास रोड क्रास कर मीणों के मन्दिर की दिवार के सहारे सहारे पहाड की तरफ चलकर यहां से दाहिने हाथ पर स्थित मीणों के मन्दिर, गुर्जरों का मन्दिर व बैरवा समाज का मन्दिर एवं राजीव गांधी कोलोनी को शामिल कर नीचे उतरकर फोरेस्ट की दिवार के कोने पर स्थित अफजल भाई के मकान पर आकर यहां से सीधें सीधें रोड रोड चलकर टी.वी.एस. सुजुकी एवं सलीम टायर रिपेयर्स की दुकान को शामिल कर यहां से रोड रोड चलकर दाहिने हाथ की आबादी को शामिल कर जैन भोजनालय से बाईपास रोड क्रास कर पानी की टंकी पर आकर दांतो के डा0 आर.एन.शर्मा के मकान को लेते हुए रोड रोड चलकर वापिस गर्ल्स स्कूल के कोने तक का समस्त दरम्यानी भाग।

आयुक्त
नगर परिषद बून्दी

<u>विवरण</u>

**<u>वार्ड संख्या:–7</u>**

रतन सिंह जी राणावत की दुकानो से प्रारम्भ होकर बायें हाथ की आबादी की शामिल कर रोड–रोड बाई पास की तरफ चलते हुवे कोपरेटिव बैंक को लकर बाई तरफ रोड को क्रोस पहाड की तरफ चलकर मस्जिद, गुरूद्वारा, के पिछे फोरेस्ट की दिवार के सहारे चलकर वापस बाई पास रोड पर जय भोले दुध डेयरी को लेकर रोड क्रोस कर कोठारी फायनेन्स के कोने पर स्थित छाबडा जी की दुकानो को शामिल कर ट्रक युनियन लेते हुए रोटरी क्लब पहुंच कर यहां से मुडकर सिधे रोड–2 विकास नगर कि तरफ चलते हुए बाएं हाथ कि आबादी को शामिल करते हुए झवंर जी नरेश पाटोदि के मकान को शामिल करते हुए चोक क्रोस कर एवरग्रीन के मकान को लेकर गली में गोपाल सिंह सोलंकी के मकान को शामिल कर गैलेक्सी कम्प्युटर की गली में निकलकर गैलेक्सी कम्प्युटर को शामिल करते हुए यहां से मुडकर बाएं हाथ कि आबादी को शामिल करते हुए गिरधर जी वकील, रतन लाल जी आर्य के मकान को शामिल कर रोड–रोड चलकर रतन सिंह राणावत की दुकानो तक का दरम्यानी भाग इसमें पेट्रोल पम्प व इन्ड्रस्टी ऐरीया,ट्रक यूनियन,रोटरी क्लब शामिल है।

**आयुक्त**
**नगर परिषद बून्दी**

## विवरण

**वार्ड संख्या :–8**

चारभुजा मन्दिर से बोहरा नागदी की तरफ चलते हुए बालाकुई,मदरसा चिल्ला दायीं ओर की समस्त आबादी को शामिल कर धोबीयों की गली व धोबीयों का मन्दिर से लेकर नवल सागर तालाब के मोखे से निकलकर बाईपास पर चढ़कर कोटा जयपुर रोड पर दाहिने हाथ की आबादी को शामिल करते हुए स्याली समाज के मन्दिर के नीचे नवल सागर पार्क रोड पर उतरकर ईदगाह व नवल सागर तालाब को लेते हुए पार्क से घुमकर मशांपूर्ण गणेश जी रोड़ पर चलकर कुण्ड की गली में घुसकर दाहिने हाथ की आबादी को शामिल करते हुए लल्लु जी के मकान व घासी लाल जी कुम्हार के मकान के पास मन्दिर को लेकर घुमकर सुरज जी के बड़ की ओर चलते हुए सुनारो का मन्दिर, सूर्य गणेश जी, मेघवान जी की हवेली को लेते हुए रोड़ रोड़ चलकर भेरू दरवाजा क्रॉस कर आयुर्वेदिक हॉस्पीटल, बुलबुल का चबुतरा लेकर दायी ओर की समस्त आबादी को लेते हुये चारभुजा मन्दिर तक का समस्त दरम्यानी भाग।

आयुक्त
नगर परिषद बून्दी

## विवरण

**वार्ड संख्याः—9**

नाहर का चोहट्टा जैन मन्दिर से प्रारम्भ होकर यहाँ से नीचे उतरकर बायें हाथ की आबादी को लेते हुए पानी की गली, दानमल जी का नोहरा शामिल करते हुए कोने पर स्थित गणेश जी मन्दिर को लेकर यहाँ से नीचे उतरकर पोस्ट ऑफिस को शामिल करते हुए व्यास गली, पुरोहित गली को लेकर बायीं ओर की आबादी को शामिल करते हुए वैध कंवर प्रसाद जी के मकान को शामिल कर यहाँ से घुमकर शीतला गली के बायें हाथ की आबादी को लेते हुए सेठ जी के मकान को शामिल कर यहाँ से घुमकर रोड़ रोड़ चलते हुए डॉक्टर मोहन सोनी के मकान को शामिल करते हुए गोपाल सिंह जी हाड़ा जी की हवेली व भवानी सिंह जी की हवेली को शामिल कर जैन मन्दिर तक का समस्त दरम्यानी भाग।

**आयुक्त**
**नगर परिषद बून्दी**

# विवरण

**वार्ड संख्याः–10**

भगवान दत्त शर्मा के मकान से प्रारम्भ होकर हकीमी मस्जिद को शामिल करते हुए बायें हाथ की आबादी को लेते हुए पप्पू बोहरा के मकान को लेकर रईसा बाई नस्सों बाई के मकान को शामिल करते हुए यहाँ से वापिस मुड़कर बाईपास की तरफ रोड़ के किनारे–किनारे चलकर बायें हाथ की आबादी को लेते हुए नीचे की तरफ कंधार मोहल्ले में उतरकर मामाजी एवं रईस भाई के मकान को शामिल कर अब्ले अली भाई मेडिकल स्टोर वाले के मकान को लेकर बायें हाथ की आबादी को लेते हुए कोडक्या भवन को शामिल कर वापिस तिलक चौक में भगवान दत्त शर्मा के मकान तक का समस्त दरम्यानी भाग।

**आयुक्त**
**नगर परिषद बून्दी**

## विवरण

**वार्ड संख्या:–11**

दमदमा मस्जिद में स्थित अहमद भाई की साईकिल की दुकान से प्रारम्भ होकर नवाब गली पुरानी कोतवाली को लेते हुए रोड़–रोड़ चलकर दाहिने हाथ की आबादी को शामिल करते हुए कल्याण राय जी के मन्दिर के पास की गली में उपर चढ़कर दाहिने हाथ की आबादी को शामिल कर शकुर जी रेन्जर के मकान को शामिल करते हुए नजीर मेम्बर के मकान को लेकर गली क्रॉस कर कैलाश जी लाईट वाले के मकान पर आकर नन्दवाना चाय वाले के मकान को लेकर दाहिने हाथ की आबादी लेते हुए पुराने शोचालय को शामिल कर बाईपास रोड़ पर आकर वापिस घुमकर श्याम भूमि बैंक को लेकर रोड़–रोड़ चलकर यहाँ से कन्धार गली में उतरकर दाहिने हाथ पर स्थित शान्ता बाई एवं करिश्मा सिद्दिकी के मकान को शामिल कर दाहिने हाथ की आबादी को शामिल करते हुए मासूम भाई कॉरपेन्टर के मकान को लेकर वापिस दमदमा मस्जिद तक अहमद भाई साईकिल वाले की दुकान तिलक चौक तक का समस्त दरम्यानी भाग।

**आयुक्त**
**नगर परिषद बून्दी**

# विवरण

**वार्ड संख्याः—12**

कल्याण राय जी मन्दिर के सामने स्थित रजिया बाई के मकान से प्रारम्भ होकर चोमुखे की तरफ रोड़—रोड़ चलकर दाहिने हाथ की आबादी को शामिल करते हुए पटिया गली व लुहार गली को लेकर चोमुखे से घुमकर चौगान गेट की तरफ मुड़कर दाहिने हाथ की आबादी को लेते हुए चौगान गेट स्कूल के पास स्थित बिरला की केबिन को लेकर यहाँ से मुड़कर चुडी बाजार में चढ़कर दाहिने हाथ की समस्त आबादी को लेते हुए खाई—परकोटा को लेकर बाई पास रोड पर पहुँचकर वहाँ से सथुर चुगीं नाके की तरफ चलकर कल्याण राय जी की गली में उतरकर लप्पा जी के मकान को शामिल कर नीचे सिढ़ीया उतरकर गनी भाई पटवारी के मकान को शामिल करते हुए रहुब भाई सलीम टेलर के मकान को शामिल कर दाहिने हाथ की आबादी को लेते हुए नत्थु जी के मकान को लेकर वापस रजिया बाई के मकान तक का समस्त दरम्यानी भाग।

**आयुक्त**
**नगर परिषद बून्दी**

# विवरण

**वार्ड संख्याः–13**

बीकानेर मिष्ठान भण्डार से प्रारम्भ होकर दूर संचार विभाग को लेकर यहां से रोड क्रास कर हरिजन मन्दिर को शामिल करते हुए दाहिनें हाथ की आबादी को लेकर जयपुर रोड की तरफ चलकर सत्यनाराण तम्बोली के मकान को शामिल करते हुए यहां से आगे चलकर आसिफ हीरो होन्डा सर्विस सेन्टर की दुकान के पास पतली गली में मुडकर जगदीश तम्बोली के मकान के पिछवाडे चलकर, सुरेन्द्र तम्बोली,छोटे लाल तम्बोली के मकान को लेकर दाहिने हाथ की आबादी को लेते हुए चन्द्रप्रकाश तम्बोली, रणजीत तम्बोली के मकान को लेकर रामनिवास नरवाला से कालू गोन्द के मकान को लेकर छोटी गली में घुसकर सुखा महाराज के मकान से घुमकर पप्पु हरिजन के मकान से लाड़ले मियां के मकान को लेकर दाहिने हाथ की आबादी लेते हुए सीधे–सीधे गली में चलकर बाईपास पर स्थित बाबू भाई के मकान को शामिल कर यहा से बाईपास रोड–रोड चलकर दाहिने हाथ की आबादी लेकर परकोटा खाई में आकर जैन मन्दिर के पीछे वाले हिस्से को लेते हुए नागर कुण्ड़ से घुमकर सब्जी मण्डी रोड चलते हुए वापिस बीकानेर मिष्ठान भण्डार तक का समस्त दरम्यानी भाग।

**आयुक्त**
**नगर परिषद बून्दी**

## विवरण

**वार्ड संख्या:–14**

जयपुर तिराहे से प्रारम्भ होकर बून्दी की तरफ घुमकर बाये हाथ की आबादी को शामिल करते हुए छाबडा गेराज को लेकर सीधे रोड़–रोड़ चलकर आनन्द टायर्स की दुकान पर आकार यहां से पतली गली में घुसकर सत्तू नरवाना,मुन्ना तम्बोली,राकेश कचोटिया के मकान को लेते हुए बाये हाथ की आबादी को शामिल कर शंकर लाल हरिजन, चमन हरिजन एवं राजेन्द्र हाडा, मोडूलाल के पास की गली में चलकर रतनलाल गोया के मकान से रोड क्रास कर रामपाल डाबोडिया के मकान पर आकर बायें हाथ की आबादी को लेते हुए गली में बाईपास की तरफ चढकर अन्त में आसिफ भाई के मकान को लेकर बाईपास रोड क्रास कर पहाड पहाड चढकर मोरडी की छतरी के पास से निकलकर वापिस परकोटे परकोटे चलकर यहां से नीचे उतरकर प्याउ पर आकर रोड क्रास कर जयपुर तिराहे तक का समस्त दरम्यानी भाग।

**आयुक्त**
**नगर परिषद बून्दी**

## विवरण

**वार्ड संख्याः—15**

लक्ष्मी चन्द्र जी केशियर के मकान से प्रारम्भ होकर हरित मार्ग पर जाने वाले रोड की तरफ चलते हुए दायी तरफ की आबादी को शामिल करते हुए एहसान ठेकेदार तारा निवास को लेते हुए सत्यनारायण जी गहलोत के मकान को शामिल कर यहां से मुडकर मूलचन्द्र जी गौतम, नन्द किशोर जी ठेकेदार को शामिल कर अजय त्यागी के मकान को लेकर यहां से घुमकर दायी हाथ की आबादी को शामिल कर बिरजु जी दलाल के मकान को लेते हुए संगम टाकिज के सामने स्थित झोपड़ों को शामिल कर यहां से घुमकर एस.बी.आई. को लेते हुए दाहिने हाथ की आबादी को शामिल करते हुए लक्ष्मी चन्द्र जी केशियर के मकान तक का समस्त दरम्यानी भाग।

**आयुक्त**
**नगर परिषद बून्दी**

## विवरण

**वार्ड संख्याः–16**

सुर्यमल्ल मिश्रण सर्किल पर मुमताज मन्जिल को लेकर लंका गेट रोड पर दांयी तरफ की आबादी को शामिल करते हुए हनुमान धर्मशाला पुरानी तहासील को लेते हुए लक्ष्मीचन्द्र गुप्ता के मकान पर आकर यहां से घुमकर गुरूनानक कॉलोनी रोड पर चलते हुए बून्दी गोल्डन, सुरेश नायक के मकान को शामिल करते हुए दायिनी तरफ की आबादी को लेते हुए गुरूनानक पब्लिक स्कूल को लेकर यहां से घुमकर हरित मार्ग पर चलकर निलकण्ठ भवन को शामिल करते हुए रोड क्रास कर ओम जी एम.एल.ए. की गली में जाकर उनके मकान को शामिल कर माजी साहब कुण्ड दिवार के कोने पर सईद कबाडी की दुकान को शामिल कर यहां से घुमकर सूर्यमल्ल चोराहे की तरफ चलकर भरत शर्मा की दुकान को शामिल कर मुमताज मन्जिल तक का समस्त दरम्यानी भाग।

**आयुक्त**
**नगर परिषद बून्दी**

## विवरण

**वार्ड संख्या :–17**

ईमली गणेश जी से प्रारम्भ होकर लंका गेट रोड़ पर चलते हुए प्रभात एन्टरप्राईजेज को लेते हुए दायीं तरफ की समस्त आबादी को शामिल करते हुए शेलेन्द्र जी चोबीसा के मकान को लेकर प्रेम दाखेड़ा जी के मकान पर पहुंचकर वहां से मुड़कर गली में चलते हुए बालाजी, तेजाजी के मन्दिर को शामिल कर भंवरलाल जी हरदेव जी गुर्जर के मकान को लेकर रामपाल जी के वर्क्सशाप को लेकर यहां से घुमकर सोमाणी जी की चक्की की तरफ जाने वाले रोड़ पर चलकर भरत जी धोबी की दुकान को शामिल कर यहां से घुमकर दायीं हाथ की आबादी को लेते हुए झुलेलाल मन्दिर, पाटोदी जी श्योजी धगाल के मकान को लेकर ईमली गणेश तक का समस्त दरम्यानी भाग।

**आयुक्त**
**नगर परिषद बून्दी**

<u>विवरण</u>

**वार्ड संख्या :—18**

सत्यनारायण जी सोमाणी जी के मकान से प्रारम्भ होकर उनकी चक्की को शामिल कर धानमन्डी की तरफ चलते हुए राजेन्द्र जेन एडवोकेट के मकान को लेकर समस्त दायीं हाथ की आबादी को शामिल कर विष्णु जी शर्मा के मकान को लेते हुए रोड—रोड चलकर भरत शर्मा के मकान को लेकर नारायण दत्त जी दुबे के दुकानो को शामिल कर यहां से घुमकर धानमण्डी की तरफ चलते हुए दायी तरफ की समस्त आबादी को शामिल करते हुए मालीयों की गली धाकड रेस्टोरेन्ट को शामिल करते हुए जगदीश जी दुकानो को शामिल कर यहां से घुमकर देवदाल मिल की गली मे चलकर देवप्रकाश जी ओझा के मकान पर यहा से मुडकर बलदेव जी के मकान को लेकर दायी तरफ की आबादी को शामिल करते हुए मिश्रा जी थानेदार के मकान को लेकर यहा से घुमकर आर्दश विघा मन्दिर स्कूल को लेकर पारिक के मकान को लेकर वहा से घुमकर महावीर जी तोतला के मकान को लेकर यहां से घुमकर गोयल के मकान से लेकर रोड—रोड़ चलकर दायीं तरफ की आबादी को शामिल करते हुए त्रिलोक जी.पी.ए.के मकान प्रकाश जेसवानी के मकान को शामिल कर यहां से घुमकर रोड—रोड चलकर राजकीय उच्च प्राथमिक स्कूल गुरूनानक कोलोनी एवं नारायण शोरूम को शामिल कर वापिस सत्यनारायण सोमाणी के मकान तक का समस्त दरम्यानी भाग।

**आयुक्त**
**नगर परिषद बून्दी**

# विवरण

**वार्ड संख्या :–19**

लंका गेट रोड़ पर स्थित नाथु लाल जी कुमावत के मकान से लंका गेट की तरफ चलते हुए दायी तरफ की आबादी को शामिल करते हुए सन्तोष कटारा जी के मकान को शामिल कर लंका गेट को क्रोस कर पी. डब्ल्यु.डी को शामिल कर धानमन्डी रोड़ पर चलकर दायीं हाथ तरफ की आबादी को शामिल कर महावीर स्मृति भवन को लेते हुए गणेश जी माया की दुकानो को शामिल कर यहां से मुडकर दायीं हाथ की आबादी को शामिल कर छत्रपुरा पुर्व सरपंच जी के मकान को लेकर रोड कास कर प्लाई वालो के मकान, पुष्पलता जी के मकान को लेते हुए रोड–रोड चलकर लादु जी साईकिल वाले के दुकान, मकान को शामिल कर यहां से मुडकर दाहिन तहफ की समस्त आबादी लेते हुए नवल किशोर कुमावत,कालु जी पेन्टर के मकान को लेकर नाथुलाल जी कुमावत तक का समस्त दरम्यानी भाग।

**आयुक्त**
**नगर परिषद बून्दी**

# विवरण

**वार्ड संख्या :–20**

नगर परिषद के कोने से प्रारम्भ होकर नगर परिषद की गली में चलते हुए डागा हाउस को लेते हुए दायें हाथ की आबादी को लेते हुए दुर्गालाल जी मेवाड़ा के मकान को लेकर यहाँ से गली में घुमकर खलील भाई पटाखें वाले को शामिल करते हुए दायें हाथ की आबादी को लेकर टी.सी. महावर के मकान को लेकर सुन्दर लाल जी के मकान को शामिल कर पतली गली में चलकर कमला बाई के मकान को लेते हुए सीधे सीधे चलकर गंगाराम जी, हेमराज जी के मकान को शामिल कर नर्सरी रोड़ क्रास कर नर्सरी दिवार पर हरनारायण जी के मकान को शामिल कर नर्सरी को सीधे सीधे क्रास कर परकोटे पर पहुँचकर परकोटे–परकोटे लंका गेट पहुँचकर लंका गेट गणेश जी के मन्दिर को लेकर रोड़ रोड़ चलते हुए वैद्यनाथ महादेव अस्तल, समस्त दायें हाथ की आबादी को शामिल कर रोड़ रोड़ चलते हुए बालकिशन जी की डेयरी पावर हाउस, रानी जी की बावड़ी लेकर यहाँ से घुमकर नगर परिषद तक का समस्त दरम्यानी भाग।

**आयुक्त**
**नगर परिषद बून्दी**

# विवरण

**वार्ड संख्या :–21**

नगर परिषद गली में स्थित गोपाल तागें वाले के मकान को लेते हुए गली में चलकर पाबु जी मन्दिर बजरंग लाल जी के मकान को लेकर टी.सी. महावर. के चोक में तुलसी किराना स्टोर को लेकर अन्दर गली में चलकर मोडु लाल जी वर्मा के मकान को लेते हुए बायें हाथ की आबादी को शामिल करते हुए पतली गली में चलकर कैलाशी बाई, भेरूलाल जी के मकान को लेकर नर्सरी रोड़ क्रास कर नर्सरी की दिवार पर स्थित छोटुलाल जी के मकान को लेकर नर्सरी को सीधे क्रास कर परकोटे पर जाकर परकोटे परकोटे खोजा गेट गणेश जी को लेकर यहाँ से मुड़कर डाक्टर प्रभाकर को लेकर बायें हाथ की आबादी को शामिल कर मदनलाल जी रेगरान चोक प्रेम भाटिया के मकान को शामिल करते हुए गोपाल तागें वाले तक का समस्त दरम्यानी भाग।

**आयुक्त**
**नगर परिषद बून्दी**

## विवरण

**वार्ड संख्या :–22**

खोजा गेट के बाहर शरद गगरानी के मकान से प्रारम्भ होकर दायें हाथ की आबादी को शामिल करते हुए रोड रोड चलकर द्वारिका होटल, अनुराग नसिंग होम को शामिल कर बावडी के पास स्थित नेहरू युवक केन्द्र को लेकर यहां से घुमकर कच्चे रोड पर चलकर शक्ति नगर मे शिवशंकर जी महेश जी रावल के मकान को शामिल कर यहां से घुमकर कच्चे रोड चलते हुए गोविन्द गुर्जर के मकान को लेकर यहां से घुमकर अशोक अग्रवाल की कृषि भूमि की दिवार के सहारे चलकर सिलोर रोड पर रमेश जी सैनी के भुखण्ड को शामिल कर यहां से मुडकर लकां गेट की तरफ चलकर दांये हाथ की आबादी को शामिल करते हुए आर.के. पुरम, मधुबन कोलोनी को लेते हुए अब्दुल मन्नान,रेन बसेरे को शामिल कर रोड क्रास कर अजीज पहलवान के मकान पर आकर चित्तोड चोराहे की ओर जाने वाले रोड की तरफ दाहिने हाथ की आबादी को लेते हुए अन्दर पुरानी मण्डी की तरफ जाने वाले रोड पर चलकर दाहिने हाथ की आबादी को लेकर नूर बक्से वाले के मकान को लेकर यहां से लंका गेंट की तरफ रोड रोड चलकर एक्सिस बैक की तरफ स्थित आबादी व दुकानो को शामिल कर लंका गेट सर्किल क्रास कर कियोस्क पर आकर दाहिने हाथ पर स्थित दुकाने को लेकर लंका गेट परकोटे से खोजा गेट परकोटे–परकोटे चलकर दाँतो के डाक्टर शरद गगरानी के मकान तक का समस्त दरम्यानी भाग।

**आयुक्त**
**नगर परिषद बून्दी**

# विवरण

**वार्ड संख्या :–23**

नेहरू युवक केन्द्र के पास त्रिमुर्ती कोलोनी के कोने पर स्थित श्याम मोहन जी टंडन के मकान से प्रारम्भ होकर रोड–रोड बाईपास की तरफ चलते हुए श्री नाथ पुरम,दिनबन्धु कोलोनी,दाये हाथ की आबादी को शामिल करते हुए छत्रपुरा सस्कृंत स्कूल को लेते हुए एन.एच.आई पर पहुचकर गंगाराम जी के खेत को शामिल कर यहां से घुमकर सिलोर चौराहे की तरफ चलते हुए दायें हाथ की आबादी लेते हुए सिलोर चोराहे से घुमकर लकां गेट की तरफ चलते हुए रिलायन्स पेट्रोल पम्प, गिरधर मेटल्स, आशोक तोतला के फार्म हाउस को लेकर पुरब जी सैनी के मकान–दुकानो पर पहुचकर यहां से मुडकर शिक्षक कोलोनी में चलते हुए बिरधी लाल जी शर्मा के मकान को लेकर यहां से मुडकर दायें हाथ की समस्त आबादी को शामिल करते हुए कच्चे रोड पर चलते हुए बन्टी सैनी, धुली लाला जी के मकान,दालमील को शामिल करते हुए श्याम मोहन जी टण्डन के मकान तक का समस्त दरम्यानी भाग।

**आयुक्त**
**नगर परिषद बून्दी**

## विवरण

**वार्ड संख्या :–24**

पुराने कायना हाउस छत्रपुरा से प्रारम्भ होकर दाहिने हाथ की आबादी को शामिल करते हुए किशन जांगिड, गजानन्द गौतम के मकान को लेते हुए रोड क्रास कर रामस्वरूप जी शर्मा के मकान पर आकर दाहिने हाथ की आबादी को शामिल कर आगे नृसिंह भगवान के मन्दिर को लेते हुए हीरा लाल जी गुर्जर के खेत को शामिल कर आगे तलाई को क्रास कर दाहिने हाथ की आबादी को शामिल करते हुए आनन्दी मेरिज गार्डन को लेते हुए यहां से कोटा की तरफ रोड रोड चलकर पंजाबी आई होस्पीटल एवं महालक्ष्मी आई.टी.आई. को लेते हुए कोटा की तरफ नहर से पहले क्रास कर छत्रपुरा राजस्व सीमा तक जाकर वापिस कोटा रोड पर आकर रेलवे कोलोनी एंव क्षेत्र को लेते हुए छत्रपुरा शमशान वाले भाग को लेकर रोटरी तिराहे को शामिल कर रेनबों कोलोनी में स्थित मकान एवं दाहिनें हाथ की आबादी को लेते हुए छत्रपुरा रोड की तरफ मुडकर दाहिने हाथ पर सांवरियां जी सिटी कृष्णा नगर को लेते हुए वापिस कायन हाउस तक का समस्त दरम्यानी भाग।

**आयुक्त**
**नगर परिषद बून्दी**

# विवरण

**वार्ड संख्या :–25**

छत्रपुरा कृषि फार्म के पास दयाल राठोड़ के मकान से प्रारम्भ होकर छत्रपुरा रोड़ पर चलकर बायें हाथ की आबादी को लेते हुए रामचरण कुशवाह के मकान पर आकर यहां से मुड़कर गोपाल जी गुर्जर के मकान को शामिल कर सत्यनारायण सेनी के मकान को लेते हुए यहां से गली क्रास कर श्री कृष्ण बिहारी जी महाराज के मन्दिर पर आकर बायें हाथ की आबादी को शामिल करते हुए अन्त में हंसराज शर्मा व लाल बाई माताजी के मन्दिर को लेकर तलाई क्रास कर रोड़ पर आकर यहाँ से वापिस घुमकर छत्रपुरा कृषि फार्म की दिवार–दिवार चलकर दयाल राठोड़ तक बायें हाथ की आबादी को शामिल करते हुए छत्रपुरा कृषि फार्म तक का समस्त दरम्यानी भाग।

**आयुक्त**
**नगर परिषद बून्दी**

# विवरण

**वार्ड संख्या :–26**

देवेन्द्र इलेक्ट्रिकल देवपुरा से प्रारम्भ होकर दाहिनें हाथ की आबादी को लेते हुए सदर थाना देवपुरा को शामिल करते हुए कोटा की तरफ रोड़ रोड़ चलकर गोविन्द नगर व गणेश विहार कॉलोनी को शामिल करते हुए वी.आई.पी. कॉलोनी को शामिल कर यहां से आनन्दी मेरिज गार्डन वाले रोड़ पर चलकर दाहिने हाथ की आबादी को लेते हुए छत्रपुरा कृषि फार्म को लेते हुए खोजा गेट रोड़ की तरफ चलते हुए तिरूपति विहार, कुम्भा नगर को शामिल करते हुए भूरा जी के खेत पर आकर यहां से मुड़कर वापिस देवीशंकर के खेत के अन्दर घुसकर रायल सिटी में स्थित नन्द किशोर प्रजापत के मकान को शामिल कर दाहिने हाथ की आबादी को लेते हुए वापिस देवेन्द्र इलेक्ट्रिकल की दुकान तक का समस्त दरम्यानी भाग।

**आयुक्त**
**नगर परिषद बून्दी**

# विवरण

**वार्ड संख्या :–27**

कॉलेज हास्टल से प्रारम्भ होकर तेजाजी ग्राउन्ड को शामिल करते हुए दाहिने हाथ की आबादी को शामिल करते हुए कोटा रोड़ की तरफ चलकर राजेन्द्र जैन के मकान पर आकर यहां से अन्दर गली में घुसकर प्रोफेसर व रायल सिटी कॉलोनी को लेते हुए दाहिने हाथ की आबादी को लेकर अन्त में लछी सोनी के मकान को लेकर यहां से देवीशंकर के खेत में घुसकर आगे भूरा जी माली के खेत में जाकर मुख्य छत्रपुरा रोड़ पर आकर यहां से खोजा गेट की तरफ मुड़कर दाहिने हाथ की आबादी को लेते हुए स्वीट होम कॉलोनी को लेकर यहां से रणजीत निवास वाले रोड़ की तरफ घुमकर ग्रांड परमेश्वरी होटल को लेते हुए वापिस कॉलेज हॉस्टल तक का समस्त दरम्यानी भाग।

**आयुक्त**
**नगर परिषद बून्दी**

# विवरण

**वार्ड संख्या :–28**

खेल सकुंल से प्रारम्भ होकर सिविल लाईन रोड़ पर चलकर किरण प्रोवीजनल स्टोर की तरफ दाहिने हाथ की आबादी को शामिल करते हुए यहां से कोटा की तरफ चलकर दाहिने हाथ पर न्यू कॉलोनी की आबादी को शामिल कर डी.एस.पी. बंगले को लेकर यहां से वापिस मुड़कर सहायक अभियंता जलदाय विभाग को शामिल करते हुए आगे कुम्भा स्टेडियम की तरफ जाने वाले रास्ते पर चलकर खेल संकुल की दिवार दिवार के सहारे चलकर छत्रपुरा रोड़ पर आकर वापिस खोजा गेट की तरफ खेल संकुल तक का समस्त दरम्यानी भाग।

**आयुक्त**
**नगर परिषद बून्दी**

# विवरण

**वार्ड संख्या :–29**

खोजा गेट शुरु होकर कियोस्क दुकानों को लेकर बायीं तरफ की आबादी को शामिल करते हुए खोजा गेट स्कूल, सीनियर हायर सेकेण्डरी को शामिल कर सर्किट हाउस चोराहे से मुड़कर कलेक्ट्री, बस स्टेण्ड़ महावीर सर्किल को क्रास कर इन्द्रा मार्केट में तरुण गिफ्ट एम्पोरियम पर आकर सीधे सीधे इन्द्रा मार्केट चलकर एस. बी.बी.जे. बैंक के पिछे वाले भाग को एवं कुण्ड़ को शामिल कर चौगान गेट के सामने अर्चना पान भण्डार की केबीन व कुण्ड़ को शामिल कर सब्जी मण्डी जाने वाले मार्ग पर चलकर बायें हाथ की आबादी को लेकर काका फेन्सी स्टोर के.एन.सिंह. रेस्टोरेन्ट को शामिल कर रोड़ क्रास कर रुबी आर्ट स्टुडियों को लेकर नगर परिषद की गली में बायें हाथ की आबादी को लेते हुए डाक्टर गजानन्द मीणा के मकान को लेकर यहाँ से रोड़ क्रास कर नूर मोहम्मद की चक्की को लेकर बायें हाथ की आबादी को शामिल कर आदर्श विद्या मन्दिर को शामिल कर खोजा गेट क्रास कर वापिस कियोस्क तक का समस्त दरम्यानी भाग।

**आयुक्त**
**नगर परिशद बून्दी**

<u>विवरण</u>

**<u>वार्ड संख्या :–30</u>**

कासट मेहन्दी वाले की दुकान से प्रारम्भ होकर नागदी–नागदी चलकर दाहिने हाथ की आबादी को शामिल करते हुए ओझा मन्दिर को शामिल कर मीरा दरवाजे तक एवं यहाँ से कोट–कोट अन्दर चलते हुए दाहिने हाथ की आबादी को लेते हुए एवं रतनबुर्ज के हिस्से को लेते हुए इन्दिरा मार्केट में आकर चोगान दरवाजे में घुसकर दाहिने हाथ की आबादी को लेते हुए बिरला किताबे वाले की दुकान को शामिल कर वापिस कासट मेहन्दी वाले की दुकान तक का समस्त दरम्यानी भाग। इसमें रतन बुर्ज, लुहार कटला, नन्नी जी की गली शामिल है।

**आयुक्त**
**नगर परिषद बून्दी**

## विवरण

**वार्ड संख्याः—31**

मोची बाजार स्थित सांवरीया भगवान के मन्दिर से प्रारम्भ होकर रोड रोड चलकर हिन्द टेन्ट हाउस को लेकर बायें हाथ की आबादी को शामिल करते हुए बिल्या जी की दुकान को शामिल करते हुए चोमुखें स्थित गणेश जी को शामिल कर यहां से मुडकर ठठेरा बाजार रोड—रोड चलकर जैन मन्दिर का लेते हुए चेनराय जी कटले के कोने पर स्थित किशन जी सोमाणी के मकान को शामिल कर चेनराय जी कटले के अन्दर रोड रोड सिधे चलते हुए रामजीवन जी के मकान को लेकर बायें हाथ की आबादी को शामिल करते हुए भेरू गली में मोमीयो का नोहरा, माणक सोनी के मकान को लेते हुए तिवाडी पाडा की तरफ चलकर विधाशंकर जी, ओम जी जकाती, डा0 महेश शर्मा व गगरानी के मकान को लेकर यहां से घुमकर गली में चलकर बुद्धी प्रकाश जी शर्मा के मकान को लेते हुए गली से रोड पर पहुँचकर सांवरीया भगवान मन्दिर तक का समस्त दरम्यानी भाग।

**आयुक्त**
**नगर परिषद बून्दी**

# विवरण

**वार्ड संख्या :–32**

शीतला गली के कोने पर स्थित होटल जयनिवास को लेकर यहां से प्रारम्भ होकर चौमुखा की तरफ चलते हुए कल्याण जी चाय वाले की दुकान को शामिल करते हुए गणेश जी की गली व समस्त बायें हाथ की आबादी को शामिल करते हुए माणक सोनी की दुकान को लेकर यहां से घुमकर चुडी बाजार की तरफ रोड़ रोड़ चलकर मुन्ना चक्की को शामिल कर बायें हाथ की आबादी को शामिल करते हुए रोड़ रोड़ चलकर सुखवाल पब्लिक स्कूल को शामिल करते हुए रोड़ रोड़ चलते हुए रामदत्त जी पंचोली के मकान को शामिल कर यहां से घुमकर रोड़ रोड़ चलकर बहेड़िया जी के मकान, मोतीलाल जी खाती के मकान को लेकर शीतला गली में नगेन्द्र शर्मा, काबरा जी के मकान को लेते हुए होटल जयनिवास तक का समस्त दरम्यानी भाग।

**आयुक्त**
**नगर परिषद बून्दी**

# विवरण

**वार्ड संख्या :–33**

भगवान लोठया जी की दुकान से प्रारम्भ होकर मोची बाजार की ओर चलते हुए बायें हाथ की समस्त आबादी को शामिल करते हुए मेहन्दी माताजी मन्दिर को लेकर रोड़ रोड़ चलकर सोनी जी की दुकानों को शामिल करते हुए गोठड़ा हवेली, डुंगरा गली को शामिल करते हुए कागजी देवरा आकर यहाँ से घुमकर केशवराय जी मन्दिर को लेते हुए बड़ की तरफ रोड़ रोड़ चलकर मल्ला सा0 मन्दिर को लेकर यहाँ से घुमकर ठिकरदा हवेली को लेकर यहाँ से मुड़कर धाबाईयों का चोक की तरफ मुड़कर गजेन्द्र जी दाधिच,राजकुमार जी जैन वकिल सा0 के मकान को शामिल करते हुए समस्त बायें हाथ की आबादी को लेते हुए पृथ्वीराज सिंह जी की हवेली को लेकर भगवान लोठया की दुकान तक का समस्त दरम्यानी भाग।

**आयुक्त**
**नगर परिषद बून्दी**

# विवरण

**वार्ड संख्याः–34**

भवंर जी हवेली के कोने पर स्थित श्रीराम सिंह जी के मकान को लेकर रोड रोड चलकर श्रृंगी क्लिनिक को लेकर लाल चन्द जी भडकत्या के मकान को शामिल कर बायें हाथ की समस्त आबादी को शामिल करते हुए यहां से गली में मुडकर सुरेश जी माहेश्वरी व नुरूदीन जी के मकान को शामिल कर वहां से मुडकर तिवाडी पाडा में रोड रोड चलकर बायें हाथ की आबादी लेते हुए विनोद शर्मा,सत्यानाराण जी, सट्टिया जी मदन गोपाल जी, के मकान को शामिल कर यहां से मुडकर अग्रवालों के नोहरे को शामिल कर रोड रोड चलकर प्रेम पंसारी, रामकिशन जी ठेकेदार, के मकान को शामिल कर भवानी टी स्टाल, को लेकर यहां से मुड़कर कुम्हारो के मन्दिर को लेकर वहां से घुमकर रिलायन्स टेलर्स व रज्जाक भाई के मकान को शामिल कर रोड क्रास कर इरफान भाई चुडे वाले के मकान व ईलेक्ट्रिक ट्रान्सफार्मर, को लेकर बायें हाथ की आबादी को लेते हुए गली में घुसकर महेश मेवाडा, के मकान को लेकर गली क्रास कर गनी भाई, के ओम जी कम्पाउण्डर को,अब्बास काजी के मकान को लेकर वहां से बागर की तरफ घुमकर जलाल भाई महावीर जी सेन के मकान को लेते हुए स्कुल के पिछे की गली में कोने पर स्थित फतेह लाल जी के मकान को लेकर गुलाब चन्द जी के मकान को लेकर गली में मुड़कर डा0 केलाश जी के मकान को शामिल कर वहां से घुमकर भवंर जी की हवेली पिछे के गेट से अन्दर जाकर अनुप जी शर्मा अनील जी भण्डारी के मकान को लेते हुए श्रीराम सिंह जी के मकान तक का समस्त दरम्यानी भाग।

**आयुक्त**
**नगर परिषद बून्दी**

## विवरण

**वार्ड संख्या :–35**

मनोहर बावड़ी से प्रारम्भ होकर बायें हाथ की आबादी को लेते हुए डाक्टर उमर की क्लिनिक को लेकर शहीद चुड़ें वाले के मकान को लेकर नुरूद्दीन गद्दी के मकान को शामिल कर रोड़ क्रास कर मुसाफिर खाने को शामिल कर कोट कोट बाये तरफ चलकर आमिर बाबा के मकान को लेकर फिर रोड़ क्रास कर दिलरूबा अण्डे वाले के मकान को एवं सलीम भाई मच्छी वाले के मकान को शामिल कर वहा से मुड़कर गुफरान टेलर के मकान को व महेश मेवाड़ा के मकान को लेते हुए मनोहर बावड़ी तक का समस्त दरम्यानी भाग।

**आयुक्त**
**नगर परिषद बून्दी**

# विवरण

**वार्ड संख्या :–36**

होली के खुंट पर जाने वाले रोड़ पर स्थित राजेन्द्र जी जैन की दुकान से प्रारम्भ होकर रोड़ रोड छोटा बाजार कि तरफ चलते हुए दायें हाथ की आबादी को लेते हुए भोलाशंकर जी नरेन्द्र पायलट के मकान को शामिल कर रोड़ रोड़ चलकर छोटा बाजार में चितोड़ा सदन को शामिल कर यहाँ से घुमकर भिश्तियों की मस्जिद को शामिल कर दायें हाथ की आबादी को लेते हुए ब्राम्हाणों के मन्दिर को शामिल कर यहाँ से घुमकर रोड़ रोड़ चलकर सलीम नाकेदार के मकान व सलीम भाई के मकान दुकानों को शामिल कर रोड़ क्रास कर परकोटे पर हमीद भाई के मकान को लेकर परकोटे परकोटे चलकर मीरा गेट पर पहुँचकर यहाँ से रोड़ रोड़ वापिस चम्पा बाग की तरफ चलते हुए दायें हाथ की आबादी को शामिल करते हुए रोड़ क्रास कर राजेन्द्र जी जैन की दुकान तक का समस्त दरम्यानी भाग।

**आयुक्त**
**नगर परिषद बून्दी**

## विवरण

**वार्ड संख्या :–37**

चेनराय जी कटले के कोने पर स्थित किशन जी सोनी के मकान से प्रारम्भ होकर मीरा गेट की तरफ रोड रोड चलकर बायें हाथ की आबादी को शामिल करने हुए कुमकुम क्रिऐशन शान्ति लाल जी जैन के मकान को लेते हुए मीरा गेट के कोने पर स्थित अंसारी सिलाई मशीन की दुकान को शामिल कर यहाँ से चम्पा बाग रोड़ पर चलते हुए गौरी कंगन दुकान को लेकर यहाँ से घुमकर रोड़ रोड़ छोटा बाजार की तरफ चलते हुए गुड्डु भाई के मकान को लेकर रोड़ क्रास कर ओमप्रकाश राठोड़ के मकान दुकान को लेकर बायें हाथ की आबादी को शामिल करते हुए रमेश जी थडीवाल यादव साहब के मकान को शामिल करते हुए मोमियों के नोहरे की गली में चलकर बायें हाथ की आबादी को लेते हुए जुगल किशोर जी गर्ग के मकान को लेकर चेनराय जी के कटले को क्रास कर बायें हाथ की आबादी लेते हुए किशन जी सोनी के मकान तक का समस्त दरम्यानी भाग।

**आयुक्त**
**नगर परिषद बून्दी**

## विवरण

**वार्ड संख्या :-38**

मीरा गेट पर जकात पर स्थित पुलिस चौकी सें प्रारम्भ होकर परकोटे परकोटे के अन्दर चलकर खाईलैण्ड मार्केट को लेकर रतनबुर्ज तक आकर वहां से महावीर सर्किल को लेकर पन्डित बृज सुन्दर शर्मा चिकित्सालय सिनेमा हॉल को शामिल कर नेनवां रोड की तरफ मुड़कर बाये हाथ की आबादी को लेते हुए रोड क्रास कर पेच ग्राउण्ड के पास नानक सिन्धी के मकान को लेकर पुलियाँ क्रास कर बायें हाथ पर स्थित फिरदोस होटल को लेकर यहां से घुमकर गली में जाकर वापिस बायें हाथ की आबादी को लेते हुए शोकत आलू वाले के मकान लेकर मुख्तार मास्टर सें पुलियाँ क्रास कर बायें हाथ की आबादी को लेते हुए बालचन्द चाय वाले को शामिल कर रोड क्रास कर वापिस मीरा गेट जकात तक का समस्त दरम्यानी भाग।

**आयुक्त**
**नगर परिषद बून्दी**

# विवरण

**वार्ड संख्या :–39**

महावीर कोलोनी में मेहरा के मकान से प्रारम्भ होकर बाएं हाथ की आबादी को शामिल करते हुए पहाड की तरफ चढकर रईस मास्टर को लेकर रोड क्रोस कर साबिर भाई के मकान पर आकर सिधे–2 पहाड पर चढकर यहां से घुमकर बाएं हाथ की आबादी को लेते हुए पहाड पर स्थित मेहबुब भाई के मकान को शामिल कर यहॉ से निचे गली मे उतरकर सलिम भाई के मकान को लेकर गली के कोने पर सत्तार पान वाले के मकान को शामिल कर रोड क्रोस कर मोईनुदीन जीप वाले के मकान पर आकर बाएं हाथ की आबादी को शामिल करते हुए ओसाब पुलिस वाले के मकान को लेकर यहां से वापिस गली मे घुमकर फारूक पुलिस वाले के मकान को लेकर मेहरा के मकान तक का समस्त दरम्यानी भाग।

**आयुक्त**
**नगर परिषद बून्दी**

# विवरण

**वार्ड संख्या :–40**

नेनवां रोड़ पर जलदाय विभाग के सामने हेमचन्द सिंह रिटायर रेल्वे ड्राईवर के मकान से प्रारम्भ होकर नेनवां रोड पर चलकर शंकर उद्योग व इंडस्ट्री एरिया को लेकर कोटा स्टोन फेक्ट्री से घुमकर न्यु–नेहरू स्कुल को शामिल कर उपर चढकर कालरा की फेक्ट्री के पिछे गली के कोने पर अरशद टायर्स वाले के मकान को लेकर बायें हाथ की आबादी को लेते हुए क्षत्रीय बाल विद्या मन्दिर को शामिल कर यहां से घुमकर गिरिराज मीणा के मकान को लेकर बायें हाथ की आबादी को लेते हुए गली में घुमकर राधेश्याम बैरवा के मकान पर आकर यहां से रोड क्रास कर कबाडी के मकान को लेते हुए उपर पहाड पर चढकर कोने पर स्थित रघुवीर झावा के मकान को लेकर यहां से वापिस घुमकर बायें हाथ की आबादी शामिल करते हुए पहाड पहाड पर चलकर साबिर पेन्टर के मकान को शामिल कर यहां से निचे उतरकर सद्दीक भाई PWD वाले के मकान को लेकर सरफुदिन के मकान पर आकर रोड क्रास कर फेजा गद्दी के मकान को लेकर हेमचन्द्र सिंह रेल्वे ड्राईवर के मकान तक का समस्त दरम्यानी भाग।

**आयुक्त**
**नगर परिषद बून्दी**

## विवरण

**वार्ड संख्या :–41**

डिस्ट्रिक क्लब से प्रारम्भ होकर दाहिने हाथ की आबादी एवं सरकारी निवास भारतीय जीवन बीमा निगम को लेते हुए बहादुर सिंह सर्किल गार्डन को शामिल कर हनी होटल को लेते हुए सीधें नेनवा रोड़ चलकर दाहिने हाथ की आबादी अड़ीसाल सिंह कॉलोनी एवं मजिस्ट्रेट कॉलोनी को शामिल कर रोड़ रोड़ चलकर जलदाय विभाग व जयपुर विघुत वितरण विभाग के ऑफिस को शामिल कर अन्त में दिवार के पास नगर परिषद की कियोस्क के.जी.एन. मोबाईल पॉईन्ट से घुमकर दाहिने हाथ की आबादी को शामिल कर महिपाल सिंह का मकान लेकर पानी की टंकी के सहारे सहारे चलकर पुलिस विभाग के ग्राउन्ड़ को क्रास कर बावड़ी व गणेश मन्दिर पर आकर दाहिने हाथ पर स्थित ऑफिस को लेते हुए पुलिया पार कर एस. पी. ऑफिस को लेकर यहाँ से रोड़ क्रास कर पुलिस परेड ग्राउन्ड़ की तरफ सहारे सहारे कॉलेज रोड़ पर चलकर वापिस घुमकर सिटी कोतवाली,सर्किट हाउस पर्यटन विभाग को लेते हुए वापिस क्लब तक का समस्त दरम्यानी भाग।

**आयुक्त**
**नगर परिषद बून्दी**

# विवरण

**वार्ड संख्या :–42**

देवपुरा में स्थित गुरूद्वारा से प्रारम्भ होकर वहां से अन्दर कालाजी के चोक की तरफ घुसकर बायें हाथ की आबादी को शामिल करते हुए रामकिशन प्रजापत के मकान को लेकर भेरूलाल कराड़ के मकान पर आकर यहां से वापिस पुलिस लाइन वाले रोड़ पर घुमकर बायें हाथ की आबादी को शामिल करते हुए प्रताप कॉलोनी दौलत केसरी गार्डन को शामिल कर कोने पर स्थित प्रहलाद कराड़ के मकान व दुकान को शामिल करते हुए मोतीनगर को लेकर सूली वाले बाबा की दरगाह को शामिल कर वापिस यहां से घुमकर रोड़ रोड़ चलकर भीम सिंह रिटायर तहसीलदार के मकान को शामिल कर शिव कॉलोनी को लेते हुए वापिस गुरूद्वारे तक का समस्त दरम्यानी भाग।

**आयुक्त**
**नगर परिषद बून्दी**

# विवरण

**वार्ड संख्या :–43**

देवपुरा गुरूद्वारे के सामने राजु सेनी के मकान से प्रारम्भ होकर दाहिनें हाथ की आबादी को शामिल करते हुए कालाजी के चोक से नाइयों की गली में आगे चलकर मिश्री लाल सुमन के मकान को शामिल करते हुए मोरपाल गुर्जर के मकान को लेकर यहां से देवपुरा की ओर रोड़ रोड़ चलते हुए दाहिनें हाथ पर स्थित जैन मन्दिर को शामिल कर वापिस राजु सेनी के मकान तक का समस्त दरम्यानी भाग इसमें देवपुरा गावं की आबादी शामिल है।

**आयुक्त**
**नगर परिषद बून्दी**

# विवरण

**वार्ड संख्या :–44**

पुराना चुंगी नाके से प्रारम्भ होकर दाहिने हाथ की आबादी को लेते हुए तहसील रोड पर आकर तहसील कार्यालय,जनसर्म्पक कार्यालय को लेकर सीधे–सीधे कच्चे रोड पर चलकर गिरिराज जी गुर्जर को शामिल करते हुए दाहिने हाथ की आबादी को शामिल करते हुऐ बिबनवा रोड पर स्थित रामलाल नायक के मकान को लेकर यहां से घूमकर राजपुत छात्रावास को शामिल कर देवपुरा राजस्व सीमा पर खेत–खेत चलकर आर.टी. एक्सपोर्ट को शामिल कर पुलिया पर चढ़कर समस्त देवपुरा सीमा की आबादी को शामिल करते हुए रोटरी क्लब तिराहे पर आकर दाहिने हाथ की आबादी को एवं कुंवारती मन्डी के गेट को शामिल करते हुऐ वापिस देवपुरा की तरफ रोड–रोड चलकर ग्रीनवेली मेरिज गार्डन को लेते हुए पुराने चुंगी नाके तक का समस्त दरम्यामी भाग।

**आयुक्त**
**नगर परिषद बून्दी**

# विवरण

**वार्ड संख्या :-45**

रामलाल की चक्की से प्रारम्भ होकर बिबनवा रोड पर चलते हुए बायें हाथ की आबादी को शामिल करते हुए दयानन्द कॉलोनी लेते हुए रोड-रोड चलकर गंगा नगर शुगर मिल कार्यालय, रामचन्द्र A.S.I के मकान-दुकान को शामिल कर गुलाब विहार को शामिल कर रोड-रोड चलकर सुर्यमल्ल कॉलोनी को शामिल कर नारायण गुर्जर की दुकान तहसील रोड पर आकर बाये हाथ पर स्थित उप-पंजियक व शिक्षा विभाग कार्यालय शामिल कर रोड-रोड चलकर नन्दा भूरा कॉलोनी को लेते हुए कच्चे रोड पर चलते हुए नन्द भवंर सिंह A.S.I के मकान को शामिल कर रामलाल सैनी की चक्की तक का समस्त दरम्यानी भाग।

**आयुक्त**
**नगर परिषद बून्दी**

# विवरण

**वार्ड संख्याः–46**

जवाहर नगर हाउसिंग बोर्ड में कोने पर स्थित श्याम सिंह गहलोत के मकान से प्रारम्भ होकर दाहिने हाथ की आबादी को शामिल करते हुए क्षत्रिय स्कूल को लेते हुए नीलकण्ठ शर्मा के मकान को लेकर दुर्गालाल सेनी के मकान से घुसकर दाहिने हाथ पर स्थित आबादी को शामिल करते हुए प्रहलाद शर्मा के म0न0 4 C 31 व ओंकार शुक्ला के म0न0 4 C 33 पर आकर यहाँ से रोड़ क्रास कर मारुती नगर में घुसकर श्री नाथ हॉस्पीटल के सामने वाले रोड़ पर चलकर एकलव्य कॉलेज की तरफ का हिस्सा लेते हुए आगे चलकर कोने पर स्थित नेवन्दराय सिन्धी के मकान से घुमकर वापिस एस.पी. ऑफिस की तरफ रोड़–रोड़ चलकर दाहिने हाथ की आबादी को लेते हुए मालवीय नगर के कोने पर राजेन्द्र सिंह हाड़ा के मकान को शामिल कर यहाँ से जवाहर नगर हाउसिंग बोर्ड की तरफ घुमकर दाहिने हाथ की आबादी लेते हुए वापिस गहलोत के मकान तक का समस्त दरम्यानी भाग।

**आयुक्त**
**नगर परिषद बून्दी**

# विवरण

**वार्ड संख्या :–47**

रामदयाल मीणा के मकान से प्रारम्भ होकर बायें हाथ की आबादी को शामिल करते हुए लक्ष्मण सिंह राठोड़ के मकान को लेकर आगे चलकर सम्पत सिंह के मकान को शामिल कर पुलिस परेड़ ग्राउन्ड़ में घुसकर रोड़–रोड़ चलकर प्राथमिक स्कूल को शामिल कर जयदीप जैन के मकान को लेकर मालवीय नगर में घुसकर बायें हाथ की आबादी को शामिल करते हुए पुरुषोत्तम त्रिपाठी के मकान से रेल्वे डोम–डोम चलकर रोड़ क्रास कर आर.एस.सिंह मकान नम्बर 1 ई–13 पर आकर माटुन्दा रोड़ की तरफ चलकर बायें हाथ की आबादी व पानी की टंकी को शामिल कर माहेश्वरी किराना एवं प्रोविजनल स्टोर को लेकर यहाँ से घुमकर माटुन्दा तिराहे की तरफ आकर राजेन्द्र सिंह नाथावत व हाड़ा सदन एवं मोहनी कासमेटिव को लेते हुए वापिस रामदयाल मीणा तक का समस्त दरम्यानी भाग।

**आयुक्त**
**नगर परिषद बून्दी**

# विवरण

**वार्ड संख्या :—48**

हाउसिंग बोर्ड खाली मैदान के पास शिवराज सिंह पटवारी के मकान से प्रारम्भ होकर दाहिने हाथ की आबादी को शामिल कर हरि दुध डेयरी व जगदीश धाबाई के मकान को लेकर भारत नगर की आबादी को लेते हुए नुतन भारतीय सिनियर सेकेण्डरी स्कूल से घुमकर रोड़ रोड़ चलकर दाहिनें हाथ की आबादी को शामिल करते हुए हेण्डपम्प से प्रताप गढ़ हवेली को लेकर यहाँ से घुमकर थड़ीवाल के मकान को लेकर रोड़ क्रास कर रामकिशन जी मीणा से घुमकर सुखदेव गौतम के मकान से वापिस घुमकर रोड़ रोड़ चलते हुए दाहिनें हाथ की समस्त आबादी को लेते हुए रमेश सिंह गहलोत के मकान को लेकर यहाँ से घुमकर पुरण जी शर्मा, अशोक कुमार जैन, डॉक्टर सुरेश जैन के मकानों को लेकर शिव पार्क, खाली मैदान को लेकर शिवराज सिंह पटवारी के मकान तक का समस्त दरम्यानी भाग।

**आयुक्त**
**नगर परिषद बून्दी**

# विवरण

**वार्ड संख्या :–49**

माटुन्दा रोड़ पर स्थित नूतन स्कूल के साईड़ में स्थित ए.एच. अगवान के मकान से प्रारम्भ होकर अन्दर रोड़ में घुसकर शम्भूलाल सैनी, मर्यादा स्कूल को लेकर रोड क्रास कर मधु राठोड़ के मकान को शामिल कर जैसवानी के मकान पर आकर यहाँ से घुमकर जवाहर नगर हाउसिंग बोर्ड मे आकर शशिबाला व गोविन्द कम्पाउन्डर के मकान को लेकर यहाँ से घुमकर रोड़ रोड़ चलकर बायें हाथ की आबादी को लेकर मकान न0 4 E - 1 पर पहुँचकर यहाँ से घुमकर मारुती नगर में आर्शीवाद भवन को शामिल कर यहाँ से सीधे सीधे रोड़ रोड़ चलकर श्री नाथ हास्पीटल को शामिल करते हुए बीबनवां रोड़ पर आकर यहाँ से वापिस घुमकर बायें हाथ की आबादी को शामिल कर फोजी रामप्रसाद के मकान को लेकर ओंकार लाल मीणा के मकान एवं देवपुरा राजस्व सीमा के चलते यहाँ से घुमकर खेत खेत चलकर माटुन्दा रोड़ पर आकर डॉक्टर जाँगिड़ एवं पूरणमल नाका गार्ड के मकान को लेकर बायें हाथ की आबादी को शामिल करते हुए रामाकृष्णा नगर एवं विवेकानन्द पुरम को शामिल कर वापिस ए. एच. अगवान तक के मकान का समस्त दरम्यानी भाग।

**आयुक्त**
**नगर परिषद बून्दी**

# विवरण

**वार्ड संख्या :–50**

पुराना माटुन्दा रोड़ व नया माटुन्दा रोड़ के मध्य दशरथ लाला शर्मा के मकान से प्रारम्भ करते हुए छोटु चाचा व डा. बीएस मीणा के मकान को शामिल कर सीधें रोड़ रोड़ चलकर गैस गोदाम को लेते हुए नये मुक्तिधाम तक एवं देवपुरा की राजस्व सीमा तक जाकर वहां से खेत खेत चलकर पितृेश्वर कॉलोनी व महेन्द्रा कॉलोनी की सम्पूर्ण आबादी को लेते हुए फतेह सिंह हाड़ा व उदय सिंह हाड़ा की हवेली को लेकर यहां से रोड़ क्रास कर पुराना माटुन्डा रोड़ पर चलकर बायें हाथ की आबादी को शामिल कर राधा कृष्ण मन्दिर को लेकर वापिस तिराहे पर स्थित दशरथ लाला शर्मा के मकान तक का समस्त दरम्यानी भाग।

**आयुक्त**
**नगर परिषद बून्दी**

## विवरण

**वार्ड संख्या :–51**

माटून्दा तिराहे सें वहीद भाई के मकान से प्रारम्भ होकर नेनवा रोड़ चलकर दाहिने हाथ कि आबादी कों लेकर सुरेन्द्र सिंह आमेरा के मकान व जाजू किराना स्टोर को शामिल कर सीता राम गुर्जर की होटल को लेते हुए यहॉ से अन्दर इन्द्रा कॉलोनी में घुसकर दाहिनें हाथ कि समस्त आबादी कों लेते हुए नरेन्द्र गोड़ के मकान एवं शुभम किराना स्टोर को लेकर पुराने माटुन्दा रोड़ पर आकर राठोर फ्लोर मिल व समुन्द्र सिंह के मकान कों लेकर दाहिने हाथ कि समस्त आबादी को लेते हुए रामचरण दाधीच व तरूण जैन, श्री महावीर बेवरेज आइसक्रीम एवं कोल्ड़ ड्रिक्स को लेकर तिराहें पर स्थिति पर वहिद भाई के मकान तक का समस्त दरम्यानी भाग। इसमें इन्द्रा कॉलोनी का भाग शामिल हैं।

**आयुक्त**
**नगर परिषद बून्दी**

## विवरण

**वार्ड संख्या :–52**

नेनवां रोड़ पर सज्जन सिंह इन्द्रा कॉलोनी के मकान से प्रारम्भ होकर इन्द्रा कॉलोनी में अन्दर घुसकर बायें हाथ की आबादी लेते हुए सामुदायिक केन्द्र की ओर धुमते हुए यहां से सीधे रोड़ रोड़ चलकर स्कूल को शाामिल कर उदय सिंह हाड़ा के मकान के पहले क्रास कर सीधे खेत खेत जाकर महेन्द्रा कॉलोनी व पितृरेश्वर कॉलोनी को छोडते हुए बायें हाथ की आबादी को लेते हुए देवपुरा की राजस्व सीमा तक जाकर खेत खेत में चलकर वापिस नेनवां रोड़ की तरफ अलगोजा रिसोर्ट को छोडते हुए कोने से नेनवां रोड़ पर आकर वापिस घुमकर बायें हाथ की आबादी को शामिल करते हुए गंगा डेयरी व कुमावत सदन को लेकर सज्जन सिंह के मकान तक का समस्त दरम्यानी भाग।

**आयुक्त**
**नगर परिषद बून्दी**

## विवरण

**वार्ड संख्या :–53**

रजत गृह गेट नं0 8 सें जाँगिड जी के मकान से प्रारम्भ होकर नैनवा रोड चलकर बायें हाथ की आबादी नवजीवन संघ गेट नम्बर 1 से 8 तक की समस्त आबादी को लेकर वृद्धा आश्रम को शामिल कर यहां से मुडकर नगर परिषद राजस्व सीमा तक जाकर यहां से मुडकर सीधे बायें हाथ की आबादी को शामिल कर पहाड पहाड पर जाकर यहां से वापिस घुमकर पानी की टंकी को लेकर बायें हाथ की आबादी को लेकर बस्ती को शामिल कर राजेन्द्र नरुका के मकान को लेकर नीचे गेट नं0 8 रजत गृह में उतरकर जगमोहन नावर का मकान लेकर वापिस गेट न0 8 पर स्थित जाँगिड के मकान तक का समस्त दरम्यानी भाग।

**आयुक्त**
**नगर परिषद बून्दी**

# विवरण

**वार्ड संख्या :–54**

आजाद बीडी फेक्ट्री से प्रारम्भ होकर नैनवा रोड की तरफ चलकर बालाजी के मन्दिर, शिशमहल होटल,चाँदना होटल को शामिल कर गेट न0 1 से गेट न0 7 तक की सम्पूर्ण आबादी को शामिल करते हुए गेट न0 8 के अन्दर घुसकर बायें हाथ की आबादी को शामिल करते हुए पुलिया क्रास कर लाड़ जी के मकान को शामिल कर वन विभाग की दिवार पर पहुँचकर पहाड़–पहाड़ चलकर प्रेम–नगर बस्ति को लेते हुए सीधे–सीधे चलकर राजपुत कोलोनी के उपर बबलु भाई नाई के मकान को लेकर यहां से गली में उतरकर रामगोपाल बैरवा एवं नईम भाई अण्ड़े वाले के मकान को शामिल कर भंवर सिंह सौलंकी के मकान पर आकर रोड क्रास कर जयभोले दुग्ध डेयरी को लेकर बायें हाथ की आबादी को शामिल कर कालरा फेक्ट्री के पीछे वाली गली में घुसकर कोने से मुडकर यहां से रोड रोड चलते हुए आजाद बीडी फेक्ट्री तक का समस्त दरम्यानी भाग।

**आयुक्त**
**नगर परिषद बून्दी**

<u>विवरण</u>

**वार्ड संख्या :–55**

हरियाली रिसोर्ट के पास जैतसागर पुलिया से प्रारम्भ होकर परकोंटे के सहारें स्थित आबादी को शामिल करतें हुए मीरा गेट प्राईवेट बस स्टेण्ड सलाटर हाउस एवं हरदेव की हॉटल को शामिल कर रोड़ क्रोस कर नाले के किनारे पर स्थित किराये की दुकानों को शामिल कर जगंम की बगीची को लेकर बाबू गद्दी व रावकॉ जैन साहब के मकान को शामिल करते हुए बॉए हाथ की आबादी को लेकर सीधे–सीधे रोड़–रोड़ चलकर दरेशा बाबा की कॉलोनी को लेते हुए करिश्मा टेलर व मदरसा को शामिल कर कोने पर अलशिफा नॉनवेज हॉटल को शामिल कर यहॉ से घुमकर मोहम्मद सद्दीक के मकान पर आकर रोड़ क्रोस कर गली के कोने पर स्थित जलत बाई के मकान को लेकर बॉए हाथ की आबादी को लेते हुए उपर पहाड़ की तरफ चढते हुए अन्त में उमर कारीगर के मकान को लेकर हाफीज भाई के मकान से वापस घुमकर पहाड़–पहाड़ चलकर बॉए हाथ की आबादी को शामिल कर मीरा साहब की दरगाह व दूल्हे साहब की दरगाह को लेते हुए जैतसागर नाले पर उतरकर हरियाली रिसोर्ट के पास जैत सागर पुलिया तक का समस्त दरम्यानी भाग।

**आयुक्त**
**नगर परिषद बून्दी**

# विवरण

**वार्ड संख्या :-56**

गिनती के दरवाजे से प्रारम्भ होकर बायें हाथ की आबादी को शामिल करते हुए भाटा विलास हरियाली गार्डन चम्पा बाग को लेते हुए वाटर वर्क्स को लेते हुए बायें हाथ की आबादी को शामिल करते हुए रोड रोड चलकर कालु जी चाय की दुकान,खटीको की गली, लेते हुए भवंर जी की हवेली पहुँचकर गेट के अन्दर चलकर अरविन्द जी के मकान को लेकर सिधे सिधे चलकर महावीर जी सोनी जी के मकान को लेकर हेवली के पिछे का गेट से निकलकर बायें हाथ की आबादी लेते हुए वहाँ से गली में मुडकर भेरू जी मन्दिर को लेकर मुमताज जी के सामने की गली मे जगदीश जी, चर्तुभुज जी महावर के मकान को शामिल कर रोड रोड चलकर स्कुल को लेते हुए बागर क्रास कर आबिद भाई के मकान को लेते हुए रोड रोड चलकर अजिज भाई कम्पाउण्डर के मकान को लेकर रोड क्रास कर परकोटे पर स्थित गफ्फार साईकिल वाले के मकान को शामिल कर परकोटे परकोटे चलकर बायें हाथ की आबादी को शामिल कर चम्पा बाग परकोटे तक पहुँचकर चम्पा बाग हरियाली रिसोर्ट की पिछे की दिवार के सहारे चलते हुए पुलिया क्रास कर भाटा विलास के पिछे का हिस्सा शामिल करते हुए जेत सागर नाले के फाटक पर पहुँचकर जैत सागर किनारे पर चलकर सुखमहल को शामिल कर गिनती दरवाजे तक का समस्त दरम्यानी भाग।

**आयुक्त**
**नगर परिषद बून्दी**

## विवरण

**वार्ड संख्या :–57**

रामे–राम की गली के कोने पर स्थित सत्यनारायण जी चितोड़ा के मकान को लेकर रामे राम गली मे चलते हुए सुरेश शुक्ला,छोटा जी पासवान के मकान को लेते हुए समस्त दायें हाथ की आबादी को शामिल करते हुए रामचरण जी के मकान को शामिल कर पहाड पहाड चलकर टी.वी. टावर, डोबरा महादेव,को शामिल कर पहाड पहाड़ जयपुर रोड पर पहुचकर वहां से वापिस घुमकर रामपुरिया की राजस्व सीमा पर चलते हुए रोड रोड चलकर दाहिने हाथ की आबादी को शामिल करते हुए दलेलपुरा चोराहा क्रास कर राजस्व सीमा पर चलकर नृसिंह दास जी की बगीची, चोथमाता मन्दिर, पुनमचन्द जी की बगीची को लेकर जेतसागर तालाब को लेते हुए तालाब की पाल से चलते हुए गिनती के दरवाजे से निकलकर रोड़ रोड़ चलकर दाहिने हाथ की समस्त आबादी को शामिल करते हुए रामद्वारा, शुक्लान बावडी को लेकर कागजी देवरा स्थित तोतला किराना स्टोर को लेकर सत्यानारणन चितोडा के मकान तक का समस्त दरम्यानी भाग, आर.टी. डी.सी. होटल,नशिया जी, भिलो का दरवाजा भोजपुरा बाणगंगा शिकार बुर्ज की आबादी शामिल है।

**आयुक्त**
**नगर परिषद बून्दी**

## विवरण

**वार्ड संख्या :–58**

गाढ़ मल जी मिठाई वालो के मकान से प्रारम्भ होकर रोड–रोड चलते हुए बायें हाथ की आबादी को शामिल करते हुए सेठ जी के चोक में गोपाल जी दाधिच के मकान को शामिल कर राधा दामोदर मन्दिर, आचार्य गली, भैरव गली को लेते हुए कागजी देवरा की और रोड–रोड चलते हुए रामे–राम गली के कोने पर स्थित भगवान जी के मकान को लेकर पहाड की तरफ चलकर बायें हाथ की आबादी को शामिल करते हुए सुशिला सक्सेना के मकान को लेकर सिढिया चढकर मिठाई वाले के मकान को लेकर पहाड पर स्थित पुराने शोचालय को शामिल कर पहाड–पहाड चलते हुए बाये हाथ की समस्त आबादी को शामिल करते हुए नारायण हलवाई के मकान को शामिल कर सीढीयों से नीचे उतरकर बच्चु बाई, पुरूषोतम पान वाले के मकान को शामिल कर गाढ़मल जी के मकान तक का समस्त दरम्यानी भाग।

**आयुक्त**
**नगर परिषद बून्दी**

# विवरण

**वार्ड संख्या :–59**

पत्तल दोना स्कूल के सामने स्थित शंकरलाल रावत के मकान से चलकर बायें हाथ की आबादी को शामिल करते हुए नाहर का चोहटा रोड़ क्रास कर ऊपरला बाजार चढ़कर जैन मन्दिर एवं मुखिया जी की गली एवं सोत्यापाड़ा की गली को शामिल करते हुए विनोद दाधिच के मकान को लेकर गाढ़मल जी की गली में ऊपर चढ़कर बायें हाथ की आबादी को लेते हुए बना पान वाले के मकान को शामिल कर ऊपर चढ़कर देवीलाल सेन व मोती लाल भाटी व हनुमान सेन के मकान को लेते हुए लक्ष्मीनारायण माली के मकान को शामिल कर बिच्छू नाई के मकान के ऊपर सीढ़ी चढ़कर पहाड़ पर गढ़ किला को लेकर स्थित आबादी को शामिल कर वापिस छितर जी बलाई तक एवं यहां से सीढ़ीयां उतरकर गोपाल मन्दिर को लेते हुए बायें हाथ की आबादी को शामिल कर वापिस शंकर रावत के मकान तक समस्त दरम्यानी भाग।

**आयुक्त**
**नगर परिषद बून्दी**

# विवरण

**वार्ड संख्या :-60**

चन्देरियों की गली में बायें तरफ स्थित शिव नारायण जी के मकान से प्रारम्भ होकर मुख्य रोड़ की तरफ चलकर बाँये हाथ की आबादी को शामिल करते हुए विक्रम पब्लिक स्कूल को लेकर खाण्ड़ेराय गणेश जी, भूत्या खाल की गली को लेते हुए सड़क-सड़क चलकर सूरज जी के बड़ पर पहुँचकर पतल दोना स्कूल की तरफ का हिस्सा शामिल करते हुए स्कूल से ऊपर सिढ़ियां चढ़कर तेजाजी महाराज के मन्दिर को लेते हुए बाँये तरफ के भाग में स्थित आबादी को शामिल करते हुए पहाड़ पर स्थित कालू जी बलाई के मकान से पहाड़ पर स्थित आबादी को शामिल कर पठार-पठार चलकर वापिस बाँये हाथ की आबादी को लेते हुए पोखर लाल वर्मा के मकान को लेकर नीचे चन्देरियों की गली में उतरकर हरी निवास को शामिल करते हुए बाँये हाथ की आबादी को शामिल कर शिवनारायाण के मकान तक समस्त दरम्यानी भाग।

आयुक्त
नगर परिषद बून्दी